प्रेस नोट दिनांक 15.02.2026

थाना मीरगंज जनपद बरेली

थाना मीरगंज पुलिस #bareillypolice द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को 502 ग्राम अवैध स्मैक((अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 50 लाख रू0) एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित किया गया गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-

दिनांक 14/15.02.2026 की रात्रि में थाना मीरगंज पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को 502 ग्राम अवैध स्मैक, 01 मोबाइल फोन एवं 01 मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। अभियुक्त थाना मीरगंज का हिस्ट्रीशीटर है, जिसका हिस्ट्रीशीटर संख्या 112/ए है।

सूचना एवं कार्यवाही

दिनांक 14/15.02.2026 की रात्रि में थाना मीरगंज पुलिस टीम थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग में मामूर थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल से अवैध स्मैक लेकर गुगई तिराहा की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए मौके पर घेराबंदी कर अभियुक्त पंकज उपाध्याय उर्फ पंकज शर्मा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 502 ग्राम अवैध स्मैक, 01 कीपैड मोबाइल फोन एवं 01 मोटर साइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस (बिना नम्बर प्लेट) बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 71/26 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट थाना मीरगंज जनपद बरेली

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

पंकज उपाध्याय उर्फ पंकज शर्मा पुत्र रमेशचन्द्र नि0 ग्राम गुलडिया थाना मीरगंज , बरेली उम्र 52 वर्ष

बरामदगी विवरण

502 ग्राम अवैध स्मैक (अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग ₹50 लाख)

01 मोटर साइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस (बिना नम्बर प्लेट)

01 कीपैड मोबाइल फोन (कंपनी – मोटोरौला)

पूछताछ विवरणः-

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह दो अन्य अभियुक्तों के साथ मिलकर लंबे समय से स्मैक तैयार कर उसकी बिक्री करता आ रहा है। अभियुक्त पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जेल जा चुका है। दिनांक 14.02.2026 की रात्रि में वह स्मैक बेचने जा रहा था, तभी पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। प्रकाश में आए अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त पंकज का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 71/26 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट थाना मीरगंज, बरेली

2. मु0अ0सं0 1584/1999 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली, बरेली
3. मु0अ0सं0 240/02 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना माधौगढ गुना, मध्यप्रदेश
4. मु0अ0सं0 260/02 धारा 465/467/471/420 थाना सब्जीमंडी, दिल्ली
5. मु0अ0सं0 106/2003 धारा 21 एनडीपीएस एक्ट, नारकोटिक्स सैल, दिल्ली
6. मु0अ0सं0 953/2009 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट, जीआरपी, मुरादाबाद
7. मु0अ0सं0 54/2014 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट, स्पैशल सेल, दिल्ली
8. मु0अ0सं0 2007/2006 थाना इज्जतनगर, बरेली
9. मु0अ0सं0 2008/2006 थाना इज्जतनगर, बरेली
10. मु0अ0सं0 489/2009 थाना शहजादनगर, रामपुर

पुलिस टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री संजय तोमर थाना मीरगंज जनपद बरेली
2. उ0नि0 श्री पकंज कुमार (चौकी प्रभारी कस्वा) थाना मीरगंज जनपद बरेली
3. उ0नि0 श्री सूरजपाल (चौकी प्रभारी लाभारी) थाना मीरगंज जनपद बरेली
4. हे0कां0 अनुज कुमार थाना मीरगंज जनपद बरेली
5. कां0 अभिषेक सोम थाना मीरगंज जनपद बरेली
6. कां0 विवेक शर्मा थाना मीरगंज जनपद बरेली